अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों का आयोग अध्यक्ष बिसेन ने किया दौरा

विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया

बालाघाट। मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन ने आज 24 नवंबर को किरनापुर तहसील के दूरस्थ एवं घने वन क्षेत्र में स्थित नक्सल प्रभावित ग्रामों का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों से सीधी चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, किरनापुर एसडीएम सुश्री निकिता सिंह मंडलोई, तहसीलदार सुश्री शोभना ठाकुर, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती श्रुति ताराम एवं गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित थे। बालाघाट विधायक व पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन द्वारा कुम्हारी खुर्द में 11.82 लाख की लागत से निर्मित होने वाले प्राथमिक शाला के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया और ग्राम पंचायत कुल्पा में 01 करोड़ 61 लाख की लागत से निर्मित रेट्रोफ़िटिंग नल जल योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम मोरवाही में 02 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपये की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के आर.सी.पी.एल.डब्लू.ई.ए. योजनांतर्गत लगभग 05 किलोमीटर लंबाई की पीपरटोला-दत्ता-मोरवाही सड़क निर्माण, जिला खनिज निधि की 02 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि से 03 किलोमीटर 500 मीटर लंबाई की सड़क निर्माण एवं ग्राम मोहगांव खुर्द में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की 49 लाख 18 हजार रुपये की राशि उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन अधिकारियों एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 24 नवम्बर को प्रात: 09 बजे ग्राम साल्हे पहुँचे और ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया और बताया गया कि उन्हें पेंशन नहीं मिल रही है, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ नहीं मिल रही है । श्री बिसेन ने मौक़े पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

ग्रामीणों को कंबल का किया गया वितरण- आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन के ग्राम पंचायत बक्कर, आदिवासी ग्राम बोदलझोला और बोरबन सहित ग्राम सीतापार पहुँचने पर ग्रामीणों ने उन्हें अवगत कराया कि उन्हें राशन लेने 12 किलोमीटर चलकर जाना पड़ता है। इस पर उन्होंने कलेक्टर से बोदलझोला तक राशन पहुँचाने की व्यवस्था करने कहा । कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक श्री भटेरे ने बताया कि बहुत जल्द साल्हे से सीतापार, बोरबन होकर बोदलझोला तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क का निर्माण होगा। जिसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मुख्य मार्ग से इन ग्रामों के जुड़ जाने से मूलभूत सुविधाओं भी दूर होंगी। इस क्षेत्र में बिजली की समस्या के निदान के लिए जल्दी ही ग्रामीणों को सोलर पैनल वितरित किए जाएँगे । कार्यक्रम में आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन और पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे द्वारा ग्रामीणों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरित किए गए । आयोग अध्यक्ष श्री बिसेन ने ग्रामीणों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सड़कों एवं पुल पुलिया का निर्माण कर आवागमन की सुविधा बहुत अच्छी बनाने के लिए काम किया जा रहा है। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने के लिए राशि दी जा रही है। बैगा जनजाति की महिला को पोषण आहार के लिए हर माह 01 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। आयुष्मान कार्ड पर एक साल में 05 लाख रुपये का ईलाज मुफ्त में करने की व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर ने की धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

बालाघाट। चालू खरीफ सीजन 2022 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किये जा रहे है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने इसी कड़ी में 23 नवंबर को उपार्जन समिति की बैठक लेकर धान खरीदी के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सभी एसडीएम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वीडियो कांफेस के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल, उप संचालक कृषि श्री राजेश खोब्रागड़े, जिला विपणन अधिकारी श्री हिरेन्द्र रघुवंशी, आजीविका मिशन के जिला परियोजना समन्वयक श्री ओमप्रकाश बेदुआ, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रभारी सीईओ श्री पी जोशी, विपणन प्रबंधक श्री राकेश असाटी, नापतौल निरीक्षक श्री आर के कछवाह, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक श्री पीयूष माली, वेयर हाउस के प्रबंधक श्री रमेश पटले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में 28 नवंबर 2022 से पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ की जायेगी। इसके लिए सभी अधिकारियों को व्यापक स्तर पर तैयारी करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के सभी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देख लें। सभी केन्द्रों पर सत्यापित तौल कांटे, बारदाने, किसानों के बैठने के लिए छाया, पीने के लिए पानी की व्यवस्था होना चाहिए। जिले में चालू सीजन में कुल 193 केन्द्र बनाये जाने हैं। इनमें से 108 केन्द्रों का अनुमोदन हो चुका है। शेष केन्द्रों की भी शीघ्र स्वीकृति मिल जायेगी। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के वेयर हाउस एवं गोदामों का निरीक्षण कर लें और वहां पर रखे धान के पुराने स्टाक को चेक कर लें। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले के 01 लाख 14 हजार किसानों का पंजीयन किया गया है।

24 घंटे काम करते रहेंगें चेकपोस्ट

बैठक में तय किया गया कि जिले में समर्थन मूल्य पर बिकने के लिए अन्य प्रदेश की धान ना आए इसके लिए सीमावर्ती क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाये जायेंगें। जिले में 07 स्थान नहलेसरा, सालेटेकरी, रजेगांव, कंजई, गुडरू, कुल्पा एवं मोवाड़ में चेक पोस्ट बनायी जायेगी। इन चेक पोस्ट पर पटवारी, सहकारी समिति का एक कर्मचारी, संबंधित क्षेत्र की कृषि उपज मंडी का एक कर्मचारी, पुलिस का एक आरक्षक एवं वन विभाग का एक वन रक्षक 24 घंटे तैनात रहेगा। इन चेक पोस्ट पर कृषि उपज लेकर जिले में आने वाले वाहनों की सख्ती से जांच की जायेगी।

धान लेकर आयें किसान

बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसानों को स्लाट बुकिंग करने के बाद खरीदी केन्द्र पर धान लेकर आने की जानकारी प्रदान करें। कोई भी किसान बगैर स्लाट बुक कराये धान लेकर ना आये। किसान उपार्जन केन्द्र या एमपीआनलाईन कियोस्क या अपने एंड्रायड मोबाईल से किसान एप के माध्यम से स्लाट बुक करा सकते है। जिन किसानों का बैंक खाता उनके आधार नंबर से लिंक नहीं है, उन किसानों के आधार नंबर को उनके बैंक खाते से शीघ्र लिंक कराने के निर्देश दिये गये। किसानों के आधार नंबर के उनके बैंक खाते से लिंक नहीं होने पर उनके धान के भुगतान में समस्या आयेगी। अत: ऐसी समस्या से बचने के लिए किसानों से अपना आधार नंबर बैंक खाते से शीघ्र लिंक कराने की अपील की गई।

18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता सूची में नाम जुड़वायें

बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 जनवरी 2023 की अर्हता तिथि के आधार पर जिले में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 09 नवंबर 2022 से प्रारंभ कर दिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची जड़वाने के लिए स्वयं आगे आयें और अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर जाकर निर्धारित प्रारूप में बीएलओ के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, मृत या बाहर जा चुके लोगों के नाम हटाने और गलत नामों को संशोधित करने के लिए दावे आपत्ति 08 दिसंबर 2022 तक प्राप्त किये जायेंगें। जिले में विवाह के बाद आयी नई बहुओं एवं उनके परिजनों से भी अपील की गई है कि वे अपने परिवार में आयी नई बहु का नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर जाकर निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें। 09 नवंबर 2022 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। इसी दिन से दावे आपत्तियाँ भी ली जा रही है जो 8 दिसंबर 2022 तक लिए जाएंगे, प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 26 दिसंबर 2022 को किया जायेगा। इसके बाद 5 जनवरी 2023 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। निर्वाचन से संबंधित किसी भी कार्य और समस्या के समाधान के लिए सीईओ एमपी इलेक्शन के टोल फ्री नंबर 1950 पर काल कर जानकारी ली जा सकती है। युवा मतदाता जिनकी उम्र 18 साल हो गई है और नाम नहीं जुड़ पाया है वे युवा वोटर हेल्पलाइन एप और एनवीएसी डॉट इन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए आवेदक को फॉर्म भर कर बीएलओ को देना होगा।

उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

बालाघाट।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के दो छात्रों लवीश पटले एवं प्रणय पटले के माडल ने जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय मेले में प्रथम स्थान प्राप्त कर बालाघाट जिले का नाम रोशन किया है। इन छात्रों का माडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन कर लिया गया है।

स्कूली छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करने एवं उन्हें नये आविष्कार एवं खोज के प्रोत्साहित करने के मकसद से जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया जाता है। उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्र लवीश पटले और प्रणय पटले ने 24 नवंबर को जबलपुर में आयोजित पश्चिम भारत जोन स्तरीय विज्ञान मेला में प्रथम स्थान प्राप्त कर बालाघाट जिले का परचम लहराया है।

जोन स्तरीय विज्ञान मेले में छात्र लवीश पटले एवं प्रणय पटले ने प्रथम स्थान हासिल किया

इन छात्रों ने ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए ऑटो अपर डिपर लाइट पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर वर्किंग मॉडल के द्वारा प्रदर्शन किया है। दोनों ही विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शी शिक्षक श्री शरद ज्योतिषी, श्री उमाशंकर पटले एवं श्री कौशलेंद्र थोटे को दिया है। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नीलम श्रीवास्तव के निर्देशन में यह सफलता प्राप्त हो सकी है और इस सफलता से विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी। कलेक्टर डॉक्टर राहुल हरिदास फटिंग ने जिला उपार्जन समिति की बैठक लेकर आगामी धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रवार प्रस्तावित किए गए उपार्जन केन्द्रों की जानकारी लेते हुए गोदामस्तरीय केन्द्र, गोदामों की मैपिंग तथा परिवहन व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तार में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यवस्थित एवं सुविधाजनक रूप से उपार्जन कार्यवाही सम्पन्न कराने के लिए उपार्जन केन्द्रों का गठन तथा गोदामों की मैपिंग सुविधाजनक रूप से की जाए। सभी केन्द्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए साथ ही साथ उपार्जन के लिए जरूरी सामग्री जैसे बारदाना, तौलकांटा, छन्ना-पंखा, त्रिपाल सहित अन्य जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ फटिंग ने उपार्जन केन्द्रों के कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया। साथ ही एफएक्यू गुणवत्ता के मानकों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। किसानों से अपनी फसल को सुखाकर पंखा-छन्ना लगाकर ही उपार्जन केन्द्र लाने की लगातार अपील की जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, जिला आपूर्ति अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति, उप संचालक कृषि सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

पेसा ऐक्ट के प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामसभाओं का आयोजन- कलेक्टर डॉ फटिंग द्वारा जिले के आदिवासी विकासखण्डों में पेसा ऐक्ट के क्रियांवयन तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से नवीन मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम-2022 के परिपालन में विभागवार सम्पन्न की जाने वाली कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कुरई, छपारा, लखनादौन, घंसौर तथा धनौरा में मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध के प्रचार-प्रसार तथा क्रियांवयन के लिए विकासखण्डवार प्रशिक्षण एवं ग्राम सभाओं का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं तथा कार्यवाही के बारे में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह स्थानीय बोली में गीत, पॉम्पलेट आदि तैयार कर प्रचार-प्रसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री श्याम मरावी, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत के साथ ही वन विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मोट्राइज्ड ट्रायसाईकिल हेतु मूल्याकंन शिविर आज स्मृति लॉन में- कलेक्टर डॉ.राहुल हरिदास फटिंग के मागदर्शन में एडिप योजना अन्तर्गत सहायक उत्पादन केन्द्र (एलिम्को) जबलपुर के माध्यम से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को मोट्राइजड ट्रायसाईकिल प्रदाय करने हेतु मूल्याकंन शिविर (परीक्षण) का आयोजन शुक्रवार 25 नवम्बर 2022 को स्मृति लॉन सिवनी में प्रात: 11.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक आयोजित होगा।

मूल्यांकन में पात्र पाये जाने पर पात्र हितग्राही को मोट्राइजड ट्रायसाईकिल प्रदान की जावेगी। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण श्री वीरेश सिंह बघेल ने जानकारी दी कि ऐसे अस्थिबाधित दिव्यांगजन जिन्होंने सामान प्रयोजन के लिए पिछले 05 वर्षो के दौरान किसी स्त्रोत से मोट्राइजड ट्रायसाईकिल प्राप्त नहीं की हो, वे अनिवार्य निम्न दस्तावेज सहित शिविर स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। दिव्यांगता प्रमाण पत्र (जो 80 प्रतिशत या उससे ऊपर हो), आय प्रमाण पत्र (रूपये 22500/- प्रतिमाह हो या उससे कम), दिव्यांगता दर्शाते हुए पासपोर्ट साईज की एक फोटोग्राफ, निवास के प्रमाण हेतु वोटर कार्ड, बी.पी.एल.कार्ड, राशन कार्ड आदि की छायाप्रति, आधार कोर्ड एवं समग्र आई.डी. की छायाप्रति।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में रिक्त सीटों पर सीएलसी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया

सिवनी। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी श्री एस.के.आड़े ने बताया कि संचालनालय तकनीकी शिक्षा म.प्र.भोपाल की आवश्यक सूचना दिनांक 23 नवम्बर 2022 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2022-23 डिप्लोमा इंजी. के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों पर सीएलसी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी। महाविद्यालय में श्वङ्क्स श्रेणी के अन्तर्गत प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु 14 सीट उपलब्ध हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 30/11/2022 तक एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे तथा सीट की उपलब्धता होने पर प्रवेश ले सकेंगे। सीएलसी में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को अपने साथ सीएलसी पंजीयन स्लिप दसवी की अंकसूची, टी.सी., मूल निवास, आय प्रमाण पत्र आदि की मूलप्रति तथा एक सेट छायाप्रति प्रवेश शुल्क रुपये 8650/- (आठ हजार छह सौ पचास रुपये मात्र) तीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ तथा अभिभावक सहित प्रात: 11:00 से दोपहर 04:00 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें। श्वङ्क्स श्रेणी में प्रवेश चाहने वाले सामान्य वर्ग के आवेदकों का ई.डब्ल्यू.एस प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2022-23 का होना अनिवार्य है। जानकारी हेतु प्रवेश पोर्टल पर लॉगिन करें।

नसबंदी आपरेशन कराने पुरुष आगे आएं, जिम्मेदारी महिलाओं पर न डालें

बालाघाट। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने जिले के विवाहित दम्पत्तियों से अपील की है कि वे परिवार नियोजन के लिए नसबंदी आपरेशन कराने की जिम्मेदारी महिला पर ना डालें, बल्कि नसबंदी आपरेशन कराने के लिए पुरूष स्वयं आगे आयें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के लिए नसबंदी आपरेशन में पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने 21 नवंबर 2022 से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रारंभ किया गया है। इस पखवाड़े के अंतर्गत 28 नवंबर से 04 दिसंबर 2022 तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पुरूष नसबंदी आपरेशन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

नसबंदी आपरेशन के लिए महिला पर अत्याचार ना हो-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि जिले में अब तक जितने भी नसबंदी आपरेशन हुए हैं, उनमें पुरूषों की संख्या महिलाओं की तुलना में बहुत कम है। नसबंदी आपरेशन में पुरूषों की भी बाराबर की भागीदारी होना चाहिए। विवाह के उपरांत परिवार सीमित रखने की जिम्मेदारी प्राय: महिला के कंधे पर डाल दी जाती है और महिला को नसबंदी आपरेशन कराने के लिए आगे कर दिया जाता है।

महिला का नसबंदी आपरेशन जटिल होता है। परिवार नियोजन में नसबंदी आपरेशन कराने के लिए महिलाओं पर एक तरह से अत्याचार ना हो और पुरूषों की इसमें जिम्मेदारी और भागीदारी अधिक से अधिक हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आज 21 नवंबर से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा प्रारंभ किया गया है।

कैंपस प्लेसमेंट में 23 विद्यार्थियों का रोजगार के लिए हुआ चयन

सिवनी। शासकीय आईटीआई केवलारी (पलारी) में गुरूवार 23 नवंबर को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था द्वारा गुजरात की सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जी लिमिटेड में 23 विद्यार्थियों को रोजगार दिलाया गया। इस एक दिवसीय कैंपस आयोजन में क्षेत्र के 53 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 23 आवेदकों का लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के उपरांत कंपनी के अधिकारियों द्वारा चयन किया गया। वारी एनर्जी गुजरात प्लांट से आए श्री रवि चौरसिया प्लेसमेंट ऑफिसर मो.ताहिर हुसैन और मनोज कौशल ने प्लांट के कार्य प्रणाली के विषय में आवेदकों को विस्तार से बताया। संस्था के प्राचार्य श्री सौरभ गुप्ता ने बताया कि संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी रोजगार के अवसर युवाओं के लिए उपलब्ध कराने में लगातार प्रयासरत हैं वर्ष 2021 से 22 तक रोजगार मेलों में अभी तक 70 से ज्यादा विद्यार्थियों को रोजगार मिला है और भविष्य में भी यही प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के अधिकतर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। रोजगार मेले में चयनित हुए विद्यार्थियों को प्रतिमाह 14000 से 16000 तक का वेतन शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर एवं रहने की व्यवस्था कंपनी द्वारा ही की जाएगी।

मजिस्ट्रीयल जाँच हेतु टीम गठित

सिवनी/ तहसील कार्यालय केवलारी में कुटरचित दस्तावेजों के माध्यम से लगभग 11 करोड़ 16 लाख रूपये के फर्जी भुगतान कर शासकीय राशि का गबन होने की मजिस्ट्रीयल जाँच निम्नानुसार अधिकारियों की टीम का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सिवनी सुश्री सुनीता खण्डायत अध्यक्ष एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सिवनी श्री अंकुर मेश्राम तथा लेखाधिकारी, जिला पंचायत सिवनी श्री हर्षित उइके को सदस्य होंगे। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय तहसील केवलारी में हुए उक्त गबन के प्रकरणों से सम्बंधित मजिस्ट्रीयल जाँच से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी / आपत्ति (मौखिक / लिखित दस्तावेज) होने पर कार्यालयीन दिवसों में अपर कलेक्टर न्यायालय में 12 दिसम्बर 2022 प्रस्तुत कर सकते है।

जैविक कचरा से खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया- मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पार्थ जैसवाल एवं उपसंचालक कृषि श्री मोरिश नाथ की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में दिनांक 23.11.2022 को जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम टुरिया में चल रहे जैविक कचरा से खाद बनाने हेतु स्वसहायता समूह की दीदियों एवं स्वच्छ मिशन अंतर्गत समस्त अधिकारी कर्मचारियों को कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी में डॉ नरेन्द्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इसी तारतम्य में जिला पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सिवनी की उपस्थिति में 2600 से ज्यादा जनसंख्या वाली 52 ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन प्रतिदिन करने के निर्देश दिये गये साथ ही प्रत्येक पंचायत को स्वच्छता कर लगाने की समझाईश दी गई।